卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 173 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦31 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# तकनीक और नवाचार से युवाओं को मिलेगी नई दिशा: धामी

## चंपावत साइंस सेंटर का मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन, निर्माण कार्यों का लिया जायजा





चंपावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने चंपावत भ्रमण के दौरान निर्माणाधीन साइंस सेंटर का गहन अवलोकन किया और स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड में तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और यह साइंस सेंटर युवाओं के लिए ज्ञान-विज्ञान का एक आधुनिक केंद्र साबित होगा। निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि धामी सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम तकनीक जैसी भविष्य की तकनीकों को विशेष प्रोत्साहन दे रही है। प्रदेश के युवाओं को कुशल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई विशिष्ट कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि चंपावत का यह साइंस सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा जो न केवल स्थानीय छात्रों बल्कि शोधकर्ताओं के लिए भी मील का पत्थर बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से प्रदेश में विज्ञान के प्रति युवाओं का आकर्षण तेजी से बढ़ रहा है और शिक्षा व अनुसंधान को एक नया आयाम मिल रहा है। संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड अब स्टार्टअप और इनोवेशन के केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का प्रत्येक युवा आधुनिकतम तकनीक से लैस हो और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में खड़ा हो सके। भविष्य की तकनीकों से जुड़कर ही उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकेगा। उन्होंने कहा कि चंपावत को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में यह एक बड़ी पहल है जिससे पर्यटन के साथ-साथ शैक्षणिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थलीय निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सेंटर के भीतर बच्चों के लिए रोचक और ज्ञानवर्धक दीर्घाएं तैयार की जाएं ताकि उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित हो सके। इस दौरान भारी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## हाईवे पर रेलिंग से टकराई मोटरसाईकिल,युवक की मौत

हरिद्वार (उद संवाददाता)। धर्मनगरी में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। यह हादसा हाईवे पर अचानक आए एक कुत्ते को बचाने के प्रयास में हुआ, जिसका रोंगटे खड़े कर देने वाला सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।



मृतक की पहचान 30 वर्षीय शुभम कश्यप के रूप में हुई है, जो हरिद्वार के मिस्सरपुर गांव का निवासी था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर में गैस सिलेण्डर फटने से चार लोग घायल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में खाना बनने के दौरान घर में धधकते सिलेंडर के अचानक फट जाने से परिजनों में अफरातफरी मच गई। इस दौरान घर में आग की चपेट में आकर गृहस्वामी उसकी पत्नी व पुत्र तथा उसी दौरान कमरे में आई पड़ोसी महिला गंभीर रूप से झुलस गये जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां पिता पुत्र की हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी रैफर कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि ट्रांजिट कैम्प की कृष्णा कालोनी निवासी किरायेदार लोकेश कुमार मूल निवासी ग्राम खमरिया पुर पीलीभीत उप्र की पत्नी 30 वर्षीय गोमती देवी मंगलवार प्रात: करीब 7:30 बजे घर में छोटे सिलेंडर से खाना बना रही थी। बताया जाता है कि उसने गर्म तवा भूलवश गैस पाईप पर रख दिया। जिससे कुछ ही देर में पाइप से गैस का रिसाव होने लगा और देखते ही देखते आग भड़क गई। घर में आग लगते देख परिजनों में अफरा तफरी मच गई। तब तक आग बढ़ते हुए सिलेंडर तक जा(शेष पृष्ठ सात पर)

**Requirement**

Sales manager
(male/ 25-30 y)
Graduate,3 to 5 year
experience]skill
working in branded
showroom . "salary
20k to 25 k.
Crazy decor ,
Rudrapur ,9837014366

## सीएम ने सुनी जनसमस्याएं,गैस की कालाबाजारी पर सख्ती के निर्देश

### पैनिक होने की जरूरत नहीं, अवैध वसूली करने वालों की तत्काल जिलाधिकारी से करें शिकायत





खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अपने खटीमा भ्रमण के दौरान हेलीपैड लोहियाहेड एवं कैंप कार्यालय में जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र की जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्य मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का निराकरण करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने वर्तमान में गैस आपूर्ति को लेकर जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि गैस के लिए पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति या कर्मचारी गैस की कालाबाजारी करता है, तो उसकी शिकायत तत्काल जिलाधिकारी से की जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र में गैस की कालाबाजारी किसी भी दशा में न होने पाए और वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी रहे। इस अवसर पर जिला(शेष पृष्ठ सात पर)

## स्मैक के साथ युवक दबोचा

सितारगंज(उद संवाददाता)।थाना सितारगंज पुलिस को रविवार शाम गश्त के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी, जब अमरिया चौक क्षेत्र से आगे ग्राम गोठा के पास संदिग्ध हालत में भागने की कोशिश कर रहे एक युवक को पकड़कर उसके कब्जे से 3.41 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद की गई। पुलिस के अनुसार 29 मार्च 2026 को उपनिरीक्षक जनार्दन भट्ट अपनी टीम और डायल-112 कर्मियों के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था व लंबित मामलों की निगरानी के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान गोठा गांव के पास जंगल की ओर से आ रहे एक युवक ने पुलिस वाहन देखकर बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन फिसलने के कारण गिर पड़ा और पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम दीपक सिंह (26) पुत्र सतनाम सिंह निवासी ग्राम मुड़लिया इलाही बक्श थाना अमरिया जिला पीलीभीत बताया। तलाशी के दौरान उसकी जींस की जेब से प्लास्टिक की पन्नी में रखी स्मैक बरामद हुई, जिसका कुल वजन 3.95 ग्राम तथा शुद्ध वजन 3.41 ग्राम पाया गया। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह नशे का आदी है और बची हुई स्मैक को छोटी पुड़िया बनाकर बेच देता था। पुलिस ने बरामद स्मैक को सील कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को धारा 8/21/60 (शेष पृष्ठ सात पर)

# सरकार की साख पर बट्टा लगा रही इंडेन गैस एजेंसी

### गली मोहल्ले में ब्लैक हो रही गैस,प्रशासन के साथ-साथ विधायक भी आंखे मूंदे बैठे, जनता परेशान





रुद्रपुर। शहर में इंडेन गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। एजेंसी पर सिलेंडर को लेकर रोज हंगामा हो रहा है। लोगों का आरोप है कि एजेंसी में प्रबंधक, ठेकेदार और डिलीवरी कर्मचारियों की मिलीभगत से गड़बड़ी हो रही है और आम उप भोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, गैस सिलेंडर की बुकिंग के बावजूद समय पर होम डिलीवरी नहीं हो रही है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि एक-एक महीने पुरानी बुकिंग होने के बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके सामने रोजमर्रा की दिक्कतें खड़ी हो गई हैं।आरोप यह भी है कि एजेंसी से (शेष पृष्ठ सात पर)

## कालाबाजारी और अव्यवस्था पर फूटा गुस्सा,जमकर हंगामा

रूद्रपुर । काशीपुर बाईपास रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर गैस संकट के बीच कुप्रबंधन और कालाबाजारी को लेकर मंगलवार को सैकड़ों उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। न तो एजेंसी प्रबंधन होम डिलीवरी सुचारू कर पा रहा है और न ही बुक किए गए सिलेंडरों की डिलीवरी के मामले सुलझ रहे हैं। स्थिति तब और बिगड़ गई जब युवा समाजसेवी सुशील गाबा के नेतृत्व में उपभोक्ताओं ने एजेंसी परिसर में जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन शुरू कर दिया। श्री गाबा ने प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि अधिकारियों को घर बैठे सिलेंडर मिल रहे हैं, इसलिए वे आम जनता को एजेंसी के रहमोकरम पर छोड़कर (शेष पृष्ठ सात पर)

# मानसखंड कॉरिडोर से जुड़ेगा काशीपुर का चैती मंदिर: धामी

## मां बाल सुंदरी मंदिर में सीएम ने किया भजन संध्या का शुभारम्भ, पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद





काशीपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को काशीपुर में मां बाल सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश के चहुंमुखी विकास और सुख-शांति की कामना की। इसके उपरांत उन्होंने मंदिर प्रांगण में आयोजित भजन संध्या का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चौती मेला कोष की धनराशि से मां बाल सुंदरी मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं मंदिर परिसर के विकास की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने चौती मेले में सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए मां बाल सुंदरी से सभी की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक मेले का आयोजन नहीं, बल्कि हमारी लोक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली परंपराओं का जीवंत महोत्सव है। इस मेले में हमारे पारंपरिक उत्पादों के स्टॉल तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां इस मेले को और भी अधिक आकर्षक बनाती हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि चौती मेले का यह भव्य आयोजन क्षेत्र के व्यापार, पर्यटन और स्थानीय विकास को नई गति देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारा राज्य विकास और समृद्धि के नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में सरकार काशीपुर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भी विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के माध्यम से तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा काशीपुर में 133 एकड़ क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर पार्क विकसित किया जा रहा है। इसमें 16 औद्योगिक इकाइयों का आवंटन हो चुका है, जो आने वाले समय में युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करेगा। इसी प्रकार, काशीपुर-रामनगर राजमार्ग को चार लेन में उन्नत करने के लिए 494 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। साथ ही यहां 3 किलोमीटर लंबा मिनी बाईपास भी प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि 4 करोड़ रुपये की लागत से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का निर्माण भी किया गया है और 7 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से काशीपुर, हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक की सुविधा भी प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 1,950 करोड़ रुपये की लागत से काशीपुर में पेयजल, सीवरेज, सड़क सुधार और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसे महत्वपूर्ण कार्य तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। इसके अलावा यहां रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 1100 करोड़ रुपये की औद्योगिक हब परियोजना तथा 100 करोड़ रुपये की अरोमा पार्क परियोजना पर भी कार्य चल रहा है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहर में बहुमंजिला पार्किंग और नए तहसील कार्यालय का निर्माण कार्य भी जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चैती मंदिर को मानसखंड कॉरिडोर से जोड़कर इसे एक प्रमुख सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए भी तेजी से कार्य कर रही है। क्योंकि हमारा लक्ष्य है कि काशीपुर औद्योगिक नगर के साथ-साथ आस्था और श्रद्धा की नगरी के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य विकास के साथ-साथ उत्तराखंड की पहचान, संस्कृति और सामाजिक संतुलन की रक्षा करना भी है और इस दिशा में हम लगातार ठोस कदम उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून और दंगारोधी कानून लागू किए गए हैं। ऑपरेशन कालनेमि के तहत राज्य में सनातन धर्म को बदनाम करने वालों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की है। आज उत्तराखंड को यह गौरव प्राप्त है कि यह देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां समान नागरिक संहिता लागू की गई है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी सरकार सिर्फ बातें नहीं करती, बल्कि कड़े ष्एक्शनष भी लेती है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमने ष्देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानूनष लागू किया और इसी का परिणाम है कि पिछले साढ़े चार वर्षों में राज्य में 32 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है, जो पिछली सरकारों के मुकाबले चार गुना से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार काशीपुर में जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए ओवरब्रिज बना रही है, सड़कों का चौड़ीकरण कर रही है और उद्योगों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार कर रही है। कार्यक्रम में कैबिनेट/जनपद प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, शिव अरोरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, मेयर दीपक बाली, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, बलराज पासी, विनय रुहेला, फरजाना बेगम, शंकर कोरंगा, मंजीत सिंह राजू, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल, राजेश कुमार, ऊषा चौधरी, सतीश भट्ट, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, वीसी प्राधिकरण जय किशन, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी व जनता मौजूद थे।

# किच्छा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सीएम का भव्य स्वागत

किच्छा (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का किच्छा आगमन पर विभिन्न स्थानों पर ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया गया। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तमाम प्रमुख चौराहों और मार्गों पर भारतीय




जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए 4 साल बेमिसाल का नारा बुलंद किया। इस दौरान पूरी किच्छा विधानसभा में उत्सव जैसा माहौल नजर आया और कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर अपने नेता का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने आदित्य चौक के पास क्षेत्र की जनता और भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री को फूल मालाओं से लादकर उनका जोरदार स्वागत किया। इसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने बाईपास स्थित अपने कार्यालय पर मुख्यमंत्री पर फूलों की बारिश कर उनका अभिनंदन किया। विवेक दीप सिंह द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के लिए सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव सक्सेना ने भी अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।स्वागत कार्यक्रमों में मुख्य रूप से रीना गौतम, संजीव खन्ना, धर्मराज जायसवाल, अवतार सिंह मंड, गफ्फार खान, श्याम बिष्ट, संजीव सिंह, सभासद संदीप अरोड़ा, प्रकाश अरोड़ा, पूरन भट, विजय अरोड़ा, कुलवंत सिंह, रघुवीर सिंह, केतन कलर, विशाल गुप्ता, नितिन चरण वाल्मीकि, मुकेश कोहली, आरती दुबे, कविता मां, करुणा तिवारी, दया डसीला और प्रतिभा रघुवंशी उपस्थित रहे। वहीं विवेक दीप सिंह के साथ दिनेश भाटिया, विवेक सक्सेना, विवेक राय, विपिन जलोटा, अजय तिवारी, प्रहलाद खुराना, भूपेंद्र राय, लता सिंह, शैली फुटेला, रेणुका चौधरी, प्रेमलता, श्रीकांत राठौर, लवी सहगल, पूरनलाल गंगवार, अंकुर पपनेजा, कमलेंद्र सेमवाल, कमल भाटिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के समर्थन में नारेबाजी कर अपनी एकजुटता प्रदर्शित की।

# ठुकराल ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा सहित पार्टी के अन्य नेताओं के साथ हल्द्वानी में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के आवास पर शिष्टाचार भेंट की और उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष ने ठुकराल का हार्दिक स्वागत करते हुए उन्हें अपना स्नेह प्रदान किया। साथ ही उपस्थित सभी नेताओं से आगामी चुनाव की तैयारियों में पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि हमें एकजुट होकर भाजपा सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुँचाना है और प्रदेश में जनहित की सरकार स्थापित करने के लिए संगठित प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति बढ़ता जनसमर्थन आने वाले परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है।



इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि वे कांग्रेस की नीतियों और नेतृत्व में पूर्ण विश्वास रखते हैं और पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि रुद्रपुर सहित पूरे जनपद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ तालमेल बिठाकर संगठन को नई ऊंचाई पर ले जाया जाएगा। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश पनेरू, गणेश उपाध्याय, योगेश चौहान, नैनीताल के जिलाध्यक्ष नैनवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी नेताओं ने क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति और संगठन के विस्तार पर भी गहन चर्चा की। यशपाल आर्य ने आए हुए सभी नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों का आगाज

## कल निकलेगी भव्य पालकी शोभायात्रा, मंदिर में सजाया जाएगा दिव्य दरबार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गल्ला मंडी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर में मंगलवार सुबह चोला श्रृंगार के साथ हनुमान जन्मोत्सव और सालासर बालाजी महाराज विग्रह स्थापना दिवस कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ हुआ। भक्तिपूर्ण वातावरण के बीच मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग ने तमाम भक्तों के साथ बालाजी महाराज को चोला चढ़ाया। पंडित सुरेंद्र पाल शर्मा द्वारा संपन्न कराई गई पूजा अर्चना और आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जयकारों और भजनों से गुंजायमान रहा। मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि आज शाम मंदिर में कीर्तन होगा। बुधवार 1 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शहर में पहली बार श्री बालाजी महाराज की भव्य पालकी



शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शाम चार बजे मंदिर परिसर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पांच मंदिर पहुंचेगी और पुन: गल्ला मंडी पहुंचकर संपन्न होगी। इसके पश्चात 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रात्रि आठ बजे से भव्य दरबार सजाया जाएगा जिसमें प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा प्रभु का गुणगान किया जाएगा। इस दौरान बाबा को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे और फूलों की वर्षा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। समिति द्वारा 2 अप्रैल की रात्रि आठ बजे से ही विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों



भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। अध्यक्ष गुलशन नारंग ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार इन धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सौरव गाबा, रौनिक नारंग, सर्वेश मौर्य, अशोक राजपूत, सौरभ अरोरा, अनिल शर्मा, दीपक अरोड़ा, प्रियांशु यादव, रजनीश यादव, मनोज अरोड़ा, अक्ष नारंग, शिवांश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अमित जैन, गगन वाधवा सहित भारी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# काशीपुर में फायरिंग कर जानलेवा हमला करने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी अजय गणपति के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आईटीआई थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने फायरिंग कर जानलेवा हमला करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा, जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पकड़े गए आरोपी प्रेम प्रसंग के विवाद में युवक की हत्या करने की योजना बना रहे थे।घटना के विवरण के अनुसार बीते 24 मार्च को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि आईटीआई थाना क्षेत्र के बरखेड़ा पाण्डेय निवासी शानू पुत्र नामे अली पर अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने फायरिंग कर उसे घायल कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई और अज्ञात के खिलाफ धारा 109 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की गई। 29 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में शामिल आरोपी बांसखेड़ा फ्लाईओवर के नीचे मौजूद हैं। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर बिलाल पुत्र शाकिर अली और मौ रफी उर्फ गुड्डू पुत्र खुर्शीद अहमद निवासी पोपरी कॉलोनी बरहैनी को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में अभियुक्तों ने कुबूल किया कि आपसी प्रेम प्रसंग के चलते उन्होंने शानू पर फायरिंग की थी।



आरोपियों ने बताया कि पहली बार में शानू के बच जाने पर वे दोबारा उसे जान से मारने की नीयत से आए थे, लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने उनके पास से एक 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में प्रकाश में आए दो विधि विवादित किशोरों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार, जसविन्दर सिंह, सुनील सुतेड़ी (एसओजी), अरविन्द बहुगुणा, पुष्कर भट्ट, दीपक, विनय, हरीश, सुरेन्द्र काम्बोज, धर्मेन्द्र भारती और अशोक कालाकोटी शामिल रहे। एसएसपी ने टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

# पत्रकार पर मुकदमा दर्ज होने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

नानकमत्ता। खटीमा क्षेत्र के पत्रकार दीपक फुलेरा के खिलाफ गैस अनियमितताओं से जुड़ी खबर प्रकाशित करने पर दर्ज किए गए मुकदमे के विरोध में पत्रकारों में रोष व्याप्त है। मामले को लेकर क्षेत्र के पत्रकारों ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए कड़ा विरोध जताया। पत्रकारों ने एकजुट होकर प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार नरेंद्र गहतोड़ी के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया कि पत्रकार दीपक फुलेरा द्वारा जनहित से जुड़ी खबर प्रकाशित की गई थी, लेकिन इसके बावजूद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि निष्पक्ष जांच कर मुकदमे को निरस्त किया जाए और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पत्रकारों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता की स्वतंत्रता अत्यंत आवश्यक है और इस प्रकार की कार्रवाई से पत्रकारों का मनोबल प्रभावित होता है।इस दौरान पत्रकार वीरेंद्र तिवारी, प्रवेश राणा, अनिल सागर, हरिओम राणा, परमजीत सिंह पम्मा, बलजीत सिंह, कश्मीर कौर, इब्राहिम रजा, सुरेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।



# छात्रा चारवी टेलेंट शो किसमें कितना है दम के फिनाले में पहुंची

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सनातन धर्म कन्या इण्टर कालेज की कक्षा 6 की छात्रा चारवी रतन ने संगीत और नृत्य की दुनिया में परचम लहराते हुए दूरदर्शन पंजाब द्वारा आयोजित टेलेंट शो किसमें कितना है दम के फिनाले में अपना स्थान बनाया। तीन राउण्ड को जीतते हुए फाइनल में वे रनर अप रहीं। श्रीमती गीता किरन व राजेन्द्र प्रसाद की सुपुत्री चारवी विभिन्न कलाओं में दक्ष



है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति राज तथा सनातन धर्म कन्या इण्टर कालेज की प्रबन्ध समिति के मंत्री ओम प्रकाश अरोरा द्वारा समस्त विद्यालय परिवार की तरफ से छात्रा को सम्मानित किया गया। विद्यालय की संगीत शिक्षिका दीपमाला द्वारा चारवी रतन को विभिन्न प्रकार से मार्गदर्शन भी समय-समय पर प्रदान किया गया। समस्त शिक्षिका गण द्वारा छात्रा चारवी को बधाई दी गई वहीं विद्यालय परिवार ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रामनगर में धूमधाम से निकाली श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा

रामनगर (उद संवाददाता)। हनुमान जयंती के पावन उपलक्ष्य में श्री सिद्ध पीठ बालाजी मंदिर कोसी घाट के तत्वावधान में सोमवार को बालाजी महाराज की विशाल एवं भव्य शोभायात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। मंदिर परिसर से शुरू हुई यह शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान पूरे नगर में भक्ति का माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल बालाजी महाराज के भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर थिरकते नजर आए। इस दौरान निकाली गई विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां जनमानस के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मंदिर परिसर में शोभायात्रा के पहुंचने पर बालाजी महाराज की भव्य आरती उतारी गई और उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर के महंत डा शुभम गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शोभायात्रा विगत कई वर्षों से निरंतर निकाली जा रही है और इस वर्ष भी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और अटूट श्रद्धा देखने को मिली है।उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि 2 अप्रैल को मंदिर परिसर में दोपहर के समय विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन रात्रि में भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें प्रसिद्ध गायक बाबा का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बाबा को 56 भोग लगाकर विशाल आरती की जाएगी और प्रसाद वितरण के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का समापन होगा। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के पदाधिकारियों और नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।





# सिटिंग वॉलीबॉल में दिव्यांग खिलाड़ियों ने दिखाया दम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर में आयोजित तृतीय उत्तराखंड स्टेट पैरालंपिक गेम्स 26 में सिटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दौरान उधम सिंह नगर के दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। डिसेबल स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश महासचिव हरीश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रही है जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया तथा खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई। सिटिंग वॉलीबॉल के महत्वपूर्ण मुकाबले में देहरादून और उधम सिंह नगर की टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। मैच की शुरुआत से ही उधम सिंह नगर की टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और देहरादून की टीम पर दबाव बनाए रखा। पहले सेट में उधम सिंह नगर की टीम ने बेहतरीन समन्वय और रणनीति के साथ खेलते हुए 25-15 से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में भी टीम ने अपनी लय बरकरार रखते हुए 25-12 से जीत हासिल की। तीसरे सेट में देहरादून की टीम ने वापसी का प्रयास किया लेकिन उधम सिंह नगर की मजबूत पकड़ के सामने विपक्षी टीम टिक नहीं सकी और यह सेट भी 25-16 से उधम सिंह नगर के नाम रहा। इस प्रकार उधम सिंह नगर की टीम ने लगातार तीनों सेट जीतकर मैच अपने नाम किया और प्रतियोगिता में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। टीम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तालमेल अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मैच के दौरान खेल प्रेमियों और दर्शकों की भारी उपस्थिति रही जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पूरे आयोजन में खेल भावना अनुशासन और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की सचिव अमिता एवं एनआईएस कोच प्रेम कुमार को इस भव्य एवं सफल आयोजन के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन दिव्यांग खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों में भी इसी तरह के रोमांचक खेल देखने को मिलने की उम्मीद है।



# पूर्व विधायक नारायण पाल का कल सितारगंज में होगा भव्य स्वागत

सितारगंज (उद संवाददाता)। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व विधायक नारायण पाल के प्रथम सितारगंज आगमन पर कल 1 अप्रैल को नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। करन गार्डन (पूर्व सिनेमा हॉल) स्थित नगर अध्यक्ष कार्यालय में सुबह 10 बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। नगर अध्यक्ष सरताज अहमद ने बताया कि कल आयोजित होने वाले इस अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शक्तिफार्म नगर अध्यक्ष उत्तम आचार्य मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता पूर्व विधायक का फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत कर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करेंगे। अभिनंदन समारोह के पश्चात एक संगठनात्मक बैठक भी आहूत की जाएगी, जिसमें आगामी राजनीतिक रणनीति और क्षेत्र के विकास से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होगी। नगर कांग्रेस कमेटी ने समस्त कांग्रेस परिवार और समर्थकों से कल सुबह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करने का आह्वान किया है। माना जा रहा है कि कल का यह शक्ति प्रदर्शन आगामी चुनावों के मद्देनजर सितारगंज क्षेत्र में कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा।



# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नानकमत्ता में हुआ भव्य स्वागत

नानकमत्ता। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार और भव्य स्वागत किया। सोमवार देर रात काशीपुर से खटीमा जाते समय मुख्यमंत्री नानकमत्ता के मुख्य चौराहे पर कुछ समय के लिए रुके, जहां पहले से मौजूद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का फूल-मालाओं से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर उनका अभिनंदन किया और क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर अपनी अपेक्षाएं भी व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए क्षेत्रवासियों का आभार जताया और आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार जनहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना, मंडल अध्यक्ष विकास गुलाटी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ओम नारायण राणा, जगदीश जोशी, धर्म सिंह बिष्ट, विशाल गोयल, गौरव वर्मा, पीयूष गोयल, हरिश्चंद्र सती, सुरेश जोशी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन चौक पर निरंतर जारी है भंडारे की जनसेवा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के महाराजा अग्रसेन चौक पर एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा भंडारा जनसेवा और सामाजिक सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। यह सेवा कार्य विगत कई माह से निरंतर जारी है जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इसी क्रम में आज के जनसेवा कार्य का शुभारंभ भाजपा नेता मंदीप वर्मा और भाजपा ओबीसी मोर्चा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय कुशवाहा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज में एकता, सहयोग और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी सहयोगियों और समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए इस सेवा को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। सेवा कार्य में जुटे कार्यकर्ता पूरे समर्पण और सेवा भाव के साथ अपनी भूमिका निभा रहे हैं जिससे आयोजन का वातावरण श्रद्धा और सहयोग से परिपूर्ण बना रहता है। आयोजकों द्वारा उन सभी सहयोगियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया जिनके प्रयास से यह पुनीत कार्य सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुशल अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, प्रमोद यादव, नितिन अग्रवाल, निखिल चंडोक, जितेंद्र साहनी, शिवांश अग्रवाल, मनीष मित्तल एडवोकेट, सुमित साहनी, रवि अग्रवाल, करन चंडोक, श्रीओम अग्रवाल, रोहित कश्यप, मनीष सैनी, सोनू कुमार सहित अनेक सम्मानित नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे नर सेवा ही नारायण सेवा का जीवंत उदाहरण बताया।



# बेहड़ ने किया बंडिया भट्टा से पावर हाउस मार्ग का शुभारंभ

किच्छा (उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बंडिया भट्टा से पावर हाउस को जाने वाले संपर्क मार्ग का विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस सड़क का निर्माण उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी (यूयूएसडीए) द्वारा लगभग 70 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। डेढ़ किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण हॉट मिक्स तकनीक से किया जाएगा। विधायक बेहड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में निर्माण कार्य बंडिया फाटक मोड़ से लेकर पावर हाउस मोड़ तक किया जा रहा है तथा आगे इस सड़क को नमक फैक्ट्री डाम तक विस्तारित करने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि यह पहली सड़क है जिसका कार्य प्रारंभ कराया गया है। आगे क्षेत्र की छह महत्वपूर्ण सड़कों का चयन किया गया है जिनका निर्माण भी कराया जाएगा। इनमें पनचक्की फार्म से गोलू मंदिर मार्ग, सिरौली कला से रेलवे फाटक तक दुपहरिया से पटेरी मार्ग, किच्छा सुनैरा बंगाली कालोनी वाला मार्ग, किच्छा के सिरौली कला से पन्तपुरा पटेरि अंजनिया मार्ग और पंजाबी सभा गुरुकुल स्कूल



वाली सड़कें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़कों में से एक है और लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी। इसका निर्माण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल था। इसके बनने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। यह मार्ग नहर किनारे स्थित है जो बंडिया भट्टा क्षेत्र से होते हुए पावर हाउस तक जाता है और लंबे समय से जर्जर स्थिति में होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण की स्वीकृति के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर प्रयास किए गए जिसके बाद यह कार्य शुरू हो सका। इस अवसर पर प्रोजेक्ट मैनेजर तिरुपति सीमेंट सालेह सबात, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, पूर्व प्रधान रामबाबू, राजीव चौधरी, हरभजन सिंह गुर्जर, गुरचरण सिंह, महेंद्र सिंह, दिलीप बिष्ट, देवकीनंदन तारी, प्रदोष सलमानी, दानिश मलिक, बलविंदर धांजू, लियाकत अली, जीवन जोशी, सुनीता कश्यप सहित क्षेत्रवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने विधायक का फूल मालाओं से स्वागत कर खुशी जाहिर की। इस कार्यक्रम से पूर्व विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने कार्यालय में जन समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। इस दौरान ग्राम बखपुर निवासी रवि सिंह पुत्र मलकीत सिंह ने 30 मीटर सड़क निर्माण की मांग रखी। अन्य लोगों ने भी सड़क, पानी और बिजली सहित विभिन्न समस्याएं उनके समक्ष रखीं जिन पर विधायक ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# ग्राम गंगापुर में एयरटेल टावर का उद्घाटन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम गंगापुर में अवनींद्र कुमार सिंह के खेत में नए एयरटेल टावर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस टावर के स्थापित होने से निकटवर्ती ग्रामोंफूलसूंगा, फूलसुगी, गंगापुर, नारायणपुर, इंदरपुर, प्रतापपुर एवं निकटवर्ती कालोनियों में लंबे समय से चली आ रही एयरटेल नेटवर्क की समस्या का समाधान हो सकेगा।इस टावर का उद्घाटन पूर्व प्रधान अवनेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर एयरटेल कंपनी के जेडएसएम आशीष अरोरा, टीएसएम रोहित कन्नौजिया तथा डिस्ट्रीब्यूटर श्री अनेजा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने बताया कि इस टावर के शुरू होने से क्षेत्र में संचार सुविधाएं बेहतर होंगी, जिससे स्थानीय निवासियों, छात्रों एवं व्यवसायों को विशेष लाभ मिलेगा।ग्राम वासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



# बैंकों के बाहर से दो मोटरसाइकिलें चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में दुपहिया वाहन चोरों के हौसले बुलंद हैं। अज्ञात चोरों ने अलग-अलग बैंक शाखाओं के बाहर खड़ी दो मोटरसाइकिलों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों ने पुलिस चौकी में तहरीर देकर वाहन बरामदगी और चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पहली घटना में भूरारानी निवासी जीतेन्द्र कुमार पुत्र मुरारी लाल ने पुलिस को बताया कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत है। बीते 27 फरवरी को उसने अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 बीई 8234 बैंक ऑफ बड़ौदा सिविल लाइन्स के बाहर खड़ी की थी। शाम को ड्यूटी के बाद जब वह बाहर आया तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने आदर्श कॉलोनी चौकी पुलिस को तहरीर देकर आवश्यक कार्यवाही की गुहार लगाई है। दूसरी घटना में वार्ड नंबर 12 दूधिया नगर निवासी सुशील वर्मा पुत्र स्व पप्पू वर्मा की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित के अनुसार 21 जनवरी को दोपहर करीब दो बजे उसने अपनी स्प्लेंडर प्लस संख्या यूके 06 एडब्ल्यू 6193 केनरा बैंक सिविल लाइन रोड के पास खड़ी की थी। अज्ञात दो चोरों ने वहां से मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पीड़ित का कहना है कि चोरी की यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बाजार चौकी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। दोनों ही मामलों में पीड़ितों ने वाहन बरामदगी की मांग की है।

# रुद्रपुर के व्यापारी जगदीश कालड़ा का आकस्मिक निधन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। नगर के जाने-माने व्यापारी जगदीश कालड़ा का सोमवार शाम आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अचानक तबीयत बिगड़ने



पर परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 62 वर्षीय स्व. कालड़ा लंबे समय से दक्ष चौराहे पर स्क्रैप का व्यवसाय करते थे और अपने मिलनसार स्वभाव के कारण व्यापारिक व सामाजिक क्षेत्र में अच्छी पहचान रखते थे। उनके निधन की खबर फैलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. कालड़ा, आवास विकास के पूर्व पार्षद रमेश कालड़ा, व्यापारी राजकुमार कालड़ा, अशोक कालड़ा और राकेश कालड़ा के भाई थे। घटना के बाद परिवार में गहरा दुख व्याप्त है।उनका अंतिम संस्कार बुधवार प्रातः 9 बजे फुलसुंगी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। शहर के व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## जगदीश कालड़ा के नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को मिलेगी रोशनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फुलसूंगी निवासी रमेश कालड़ा और राजकुमार कालड़ा के भाई जगदीश कालड़ा के देहावसान के पश्चात उनके परिवार ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। शोक की इस घड़ी में परिवार ने दिवंगत जगदीश कालड़ा की आंखों को दान करने का साहसी निर्णय लिया जिससे दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में रोशनी लौट सकेगी। परिवार ने बलदेव नारंग के माध्यम से भारत विकास परिषद से संपर्क किया जिसके बाद महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चौरिटेबल ट्रस्ट रूद्रपुर के सहयोग से नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। भारत विकास परिषद के संजय कुमार ने इस पुनीत कार्य को संपन्न करवाया। परिजनों का कहना है कि दुख के समय में इस प्रकार का निर्णय लेना कठिन होता है लेकिन समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए परिवार ने सर्वसम्मति से यह अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। अब जगदीश कालड़ा की मृत्यु के बाद भी उनकी आंखें इस दुनिया को देख सकेंगी और उनके प्रियजनों की स्मृतियों में वे सदैव जीवित रहेंगे। नेत्रदान की प्रक्रिया भारत विकास परिषद रूद्रपुर शाखा के नेत्रदान संयोजक संजय और तकनीशियन मनीष रावत के सहयोग से पूरी हुई। इस दौरान अशोक कालड़ा, संतलाल कालड़ा, बॉबी टुटेजा, योगेश वाधवा, पंकज खेरा सहित कालड़ा परिवार के तमाम सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समाज के विभिन्न वर्गों ने इस महान कार्य के लिए शोकाकुल परिवार का आभार व्यक्त किया है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# कालाबाजारी करते पकड़े गये इंडेन कर्मचारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पश्चिम एशिया में युद्ध के हालातों के चलते उत्पन्न गैस संकट के बीच उपभोक्ताओं को पारदर्शी व्यवस्था देने के दावों को कर्मचारी ही चुनौती दे रहे हैं। सोमवार को डहरिया क्षेत्र में इंडेन गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की सूचना पर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित आउटसोर्स कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।जानकारी के अनुसार आयुक्त को सूचना मिली थी कि डहरिया स्थित महेंद्र फोटो स्टूडियो के पास गैस वितरण के दौरान भारी अनियमितता बरती जा रही है। मौके पर गैस बांट रहे कर्मियों ने 10 भरे हुए सिलेंडर वहां छोड़ दिए और बिना खाली सिलेंडर लिए ही वहां से चलते बने। मामले का संज्ञान लेते हुए आयुक्त ने तत्काल ठेकेदार और संबंधित कर्मचारियों को तलब कर पूछताछ



की। कोई भी कर्मचारी बिना खाली सिलेंडर लिए एक साथ 10 भरे सिलेंडर छोड़ने का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।कालाबाजारी का पुख्ता संदेह होने पर आयुक्त दीपक रावत ने केएमवीएन के महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि सिलेंडर वितरण कर रहे आउटसोर्स कर्मचारी संदीप, प्रेमपाल सिंह ठाकुर और प्रमोद चौहान के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि गैस वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को पारदर्शी ढंग से गैस मिले यह प्रशासन की प्राथमिकता है और घटतौली या अवैध बिक्री की शिकायतों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने केएमवीएन और गैस एजेंसी के अधिकारियों को वितरण व्यवस्था का नियमित औचक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं।

# दूसरी डायवर्जन टनल की खुदाई पूरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जमरानी बहुद्देशीय परियोजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए डायवर्जन टनल संख्या दो की 600 मीटर लंबाई की खुदाई का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। 8.10 मीटर व्यास वाली इस सुरंग का निर्माण कार्य फरवरी 2025 में प्रारंभ किया गया था। भू-वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अत्यंत जटिल परिस्थितियों के बावजूद परियोजना टीम ने निर्धारित मानकों और सुरक्षा निर्देशों का पालन करते हुए इसे



न्यूनतम समय में पूरा करने में सफलता प्राप्त की है।इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर के हासिल होने से परियोजना के अगले चरण यानी लाइनिंग एवं अन्य संरचनात्मक कार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त हो गया है। वर्तमान में परियोजना के अन्य कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर हैं। अधिकारियों के अनुसार इस सुरंग के निर्माण से क्षेत्र के विकास के साथ-साथ सिंचाई और जल प्रबंधन की योजनाओं को नई मजबूती मिलेगी।इस अवसर पर जमरानी साइट पर आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक एमके खरे, उप महाप्रबंधक बीबी पाण्डे, ललित बिष्ट, परियोजना प्रबंधक अजय पंत, योगेश काण्डपाल, उमेश अग्रवाल, एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रतिनिधि सहित पीआईयू जमरानी साइट के समस्त फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे। परियोजना अधिकारियों ने टीम के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुएजमरानी बहुद्देशीय परियोजना की दूसरी डायवर्जन टनल की खुदाई पूरी इसे विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया।

# बहुउद्देशीय शिविर में बच्चों सीखा एपण व मेहंदी लगाना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वैश्य महिला समिति द्वारा आठ दिवसीय बहुउद्देशीय निशुल्क शिविर के आयोजन का शुभारंभ वार्ष्णेय निवास सावित्री कॉलोनी में किया गया।जिसका उद्देश्य हमारे छोटे-छोटे बच्चों को विभिन्न प्रकार की कलाओं में निपुण बनाना तथा उनकी छुट्टियां का सदुपयोग करना भी है। कार्यक्रम का आरंभ वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने वैश्य महिला समिति के द्वारा किए गए इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्य वैश्य महिला समिति समय समय पर करती रहती है। जिससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वैश्य महिला



समिति की अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय ने कहा कि हम आगे भी इस तरह के कार्य करते रहेंगे जिससे बच्चों को नई नई कलाएं सीखने को मिलें। उन्होंने कहा आज बच्चों ने पहले ही प्रयास में इतनी सुंदर ऐपन और मेहंदी लगाई है कि देखते ही बनती है। बच्चों द्वारा किए गए इस प्रयास की उन्होंने सराहना की। उन्होंने कहा कि एपन उत्तराखंड की एक कला है जिसे हमें आगे बढ़ाना है। कोषाध्यक्ष मनोरमा खंडेलवाल ने बच्चों के कार्य को सराहा, महामंत्री स्नेह लता गुप्ता ने बच्चों को अच्छे कार्य के लिए बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत ऐपन, और मेहंदी सिखाने से हुई। बच्चों ने बहुत ही लगन से दोनों कलायें सीखी।कार्यक्रम में युवा वैश्य महासभा के अध्यक्ष अतुल जायसवाल, एवं महामंत्री कपिल अग्रहरि, जलज वार्ष्णेय, वैश्य महिला समिति की पूर्व कोषाध्यक्ष शशि खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी रश्मिगुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रियंका वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा गुप्ता, मंत्री ज्योति देवल, सोनी गुप्ता, तृप्ति वार्ष्णेय, पूजा गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

उत्तराखण्ड शासन

# विकसित भारत, सशक्त उत्तराखण्ड






संकल्प
नए उत्तराखण्ड का

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड में जिस तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं, वह दिन दूर नहीं, जब देवभूमि सबसे विकसित राज्यों में अग्रिम स्थान पर खड़ा होगा। डबल इंजन की सरकार प्रदेश की प्रगति के लिए प्रत्येक क्षेत्र में निरन्तर विकासशील कार्य कर रही है।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"समान नागरिक संहिता हमारी बेटियों, माताओं और बहनों के सम्मानपूर्ण जीवन का आधार बनेगी। समान नागरिक संहिता से लोकतंत्र की भावना मजबूत होगी, संविधान की भावना मजबूत होगी।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री




## विकास के नये आयाम स्थापित करता देवभूमि उत्तराखण्ड

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्री केदारनाथ धाम का हुआ भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण कार्य। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गंगा मन्दिर, आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन के बाद मानसखंड यात्रा को मिली नई पहचान।
- चार धामों की कनेक्टिविटी के लिए ऑल वेदर रोड का हुआ निर्माण। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेललाइन का निर्माण कार्य तथा टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन सर्वे का कार्य गतिमान।
- नैनीताल जिले की बहुद्देशीय जमरानी बांध परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत मिली मंजूरी।
- उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम की लखवाड़ परियोजना को मिली मंजूरी।
- उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफ़र हुआ आसान।
- दिल्ली - देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य तेजी से जारी, 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे नेटवर्क निर्माण के लिये पर्वत माला परियोजना को मिली मंजूरी। केदारनाथ, हेमकुंड साहिब एवं पूर्णागिरी मंदिर तक रोपवे के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- उधमसिंहनगर के किच्छा क्षेत्र में एम्स के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान। वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तराखण्ड के सीमांत गावों का हो रहा चहुँमुखी विकास।
- जौलीग्रांट एयरपोर्ट एवं पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने हेतु कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री ने दिया वेड - इन - उत्तराखण्ड का मंत्र। जिसके तहत राज्य सरकार नए वेडिंग डेस्टीनेशन का कर रही निर्माण।

**डबल इंजन की सरकार से राज्य में विकास कार्यों को मिल रही नई गति**

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।
www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

# नए शैक्षणिक सत्र में किताबों की दुकानों पर उमड़ी भीड़

संवाददाता (उद संवाददाता)।जिले भर में निजी विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत होते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सत्र शुरू होते ही अभिभावक अपने बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तकों और कॉपियों की खरीदारी में जुट गए हैं, जिससे बुक सेलर की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। अल्मोड़ा के तमाम स्कूलों में वार्षिक परीक्षा फल घोषित कर दिए गए हैं। इसके साथ ही अप्रैल से नया सत्र शुरू होने जा रहे हैं। नए शैक्षणिक सत्र को लेकर अल्मोड़ा नगर के मालरोड, मिलन चौक समेत अन्य स्टेशनरी दुकानों में सोमवार को लोगों की भीड़ रही। तमाम स्टेशनरी की दुकानों में भीड़ बढ़ने के कारण कुछ किताबों की कमी भी देखने को मिली। कई किताबों की डिमांड इतनी ज्यादा रही कि कुछ अभिभावकों को उन्हें बुक करवाने की सलाह दी गई। दुकानदारों का कहना है कि आने वाले हफ्तों में नई खेप आने से किताबों की कमी दूर हो जाएगी। नई कक्षा में जाने को लेकर छात्रों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। कक्षा बदलने के साथ-साथ नई किताबों और नई चीजें सीखने को लेकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। नए सत्र के पहले सप्ताह में ही अभिभावक अपने बच्चों के लिए



कोर्स बुक्स, नोटबुक, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने में व्यस्त नजर आए। कुछ दुकानों पर भीड़ इतनी अधिक रही कि ग्राहकों को अपनी किताबें लेने के लिए काफी इंतजार भी करना पड़ा। **दस फीसदी तक महंगी हुई कॉपियां :** अभिभावक बच्चों के लिए कापी-किताबें खरीदने लगे हैं, लेकिन किताबों की महंगाई झेल रहे अभिभावकों के लिए अब कापियों की कीमतों ने परेशानी पैदा कर दी है। इस बार कापियों के दाम में 20 से 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। निजी विद्यालयों में पहले से किताबों के दाम आसमान में हैं। यहां पढ़ने वाले बच्चों को विद्यालय से ही कापियां दी जा रही हैं। सामान्य रूप से 100 रुपये में मिलने वाली कापी की कीमत 125 रुपये तक पहुंच गई है। 40 रुपये की कापी 60 में मिल रही है। इससे अभिभावकों का शिक्षा बजट उम्मीद से आगे निकल रहा है। **स्टेशनरी दुकानदारों की बढ़ी बिक्री:** अल्मोड़ा के प्रमुख बुकस्टोर्स और स्टेशनरी विक्रेताओं ने बताया कि मार्च और अप्रैल का महीना उनकी बिक्री का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। मालरोड स्थित स्टेशनरी विक्रेता संजय अग्रवाल ने कहा कि हर साल नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में किताबों और स्टेशनरी की मांग तेजी से बढ़ जाती है। इस बार भी स्कूल खुलते ही ग्राहकों की भारी भीड़ आ रही है। **निजी प्रकाशकों की किताबें भी महंगी :**नगर के अधिकांश विद्यालयों में एनसीईआरटी पैटर्न की ही किताबें संचालित की जा रही हैं। विद्यालय भी अभिभावकों से एनसीईआरटी किताबों की खरीदारी करने को कह रहे हैं। इसके बावजूद कुछ निजी प्रकाशकों की किताबों की कीमतों में पांच से आठ फीसदी तक बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

# डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।नगर के लोधिया के पास हुए हादसे का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे पर लोधिया के पास अनियंत्रित डंपर की टक्कर से वाहनों के क्षतिग्रस्त होने का वीडियो वायरल हुआ था। अब मामले को लेकर ट्रक चालक गणाईगंगोली पिथौरागढ़ निवासी सूजर सिंह ने अल्मोड़ा कोतवाली में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह शुक्रवार रात वह किच्छा से ट्रक में कोल्ड ड्रिंक लेकर गणाई की ओर जा रहा था। इसी दौरान रात नौ बजे विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित डपंर ने ट्रक को टक्कर मार दी। इससे उनका ट्रक 25 मीटर खाई की ओर लुड़क गया। हादसे में वह और उनका हेल्पर 20 मिनट तक ट्रक में ही फंसे रहे। बाद में स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकालकर बचाया। घटना में गंभीर रूप से चोटिल उन्हें और हेल्पर को बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कहना था कि डंपर चालक की लापरवाही से हादसा हुआ, जिसमें उनका ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कोल्ड ड्रिंक का भी नुकसान हुआ। इधर, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।




# अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स पर ऑनलाइन वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

पंतनगर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग तथा न्यूट्रीशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (एनएसआई) पंतनगर चौप्टर के संयुक्त तत्वावधान में एक ऑनलाइन वाद विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स सुविधा या एक विनाश रखा गया था। इस विषय पर प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए।कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठात्री अल्का गोयल, संयोजक रीता सिंह रघुवंशी, सचिव अर्चना कुशवाहा एवं कोषाध्यक्ष नीतू डोभाल के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का संचालन सुव्यवस्थित रूप से किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने निर्धारित दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अपनी प्रस्तुतियां दीं। चर्चा के दौरान प्रतिभागियों ने अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के सकारात्मक पक्षों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि व्यस्त जीवनशैली में रेडी टू ईट खाद्य पदार्थ समय बचाने का एक सरल विकल्प हैं। इनमें प्रयुक्त प्रिजर्वेटिव्स के कारण इन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है और यह बाजार में सस्ते एवं आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं।वहीं दूसरी ओर विपक्ष में बोलते हुए प्रतिभागियों ने इसके गंभीर दुष्प्रभावों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि इन खाद्य पदार्थों में फाइबर, विटामिन एवं खनिजों की भारी कमी होती है और यह शरीर को केवल खाली कैलोरी प्रदान करते हैं। इनमें चीनी, नमक एवं अस्वास्थ्यकर वसा की मात्रा अधिक होती है जिसके निरंतर सेवन से मोटापा, टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग एवं उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सहायक प्राध्यापक एवं प्रभारी अनुपमा पांडेय तथा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की वरिष्ठ जिला प्रसार विशेषज्ञ वर्षा रानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में कुल 29 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिणामों की घोषणा करते हुए बताया गया कि मान्या छाबड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि नीरजा शर्मा द्वितीय और शांभवी झा तृतीय स्थान पर रहीं।

# समाधान दिवस पर जनता को मिला त्वरित न्याय का मंच

सितारगंज। नगर के वार्ड संख्या 5 स्थित कार्यालय में आज जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रवि रस्तोगी जिलाध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा 'जनता दरबार: समाधान दिवस' का शुभारंभ किया गया। इस आयोजन ने पहली ही बार में क्षेत्र की जनता के बीच गहरी छाप छोड़ी और बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों ने अपनी



समस्याएं सीधे प्रस्तुत कीं। वार्ड संख्या 6 के निवासियों ने कच्ची सड़क को पक्की टाइल्स रोड में परिवर्तित करने की मांग रखी। इसी वार्ड की इन्द्रावती ने दाखिल-खारिज की प्रक्रिया में आ रही अड़चनों से अवगत कराया। वहीं, वार्ड 5 की हर कुमारी ने बिजली मीटर संबंधी समस्या और महेश चन्द्र ने आय प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही देरी को प्रमुखता से उठाया। जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क साधा। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उनकी सक्रियता के चलते कई मामलों में तुरंत समाधान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई, जिससे उपस्थित लोगों में संतोष और विश्वास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर घोषणा की गई कि 'जनता दरबार: समाधान दिवस' का आयोजन प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को नियमित रूप से किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में जुबेर मलिक, अमन रस्तोगी, राधेश्याम रस्तोगी, दिनेश आर्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सशक्त और सराहनीय कदम बताया।

## पेज एक का शेष...

**सरकार की साख पर ...**जुड़े लोग अपने परिचितों के नाम पर बुकिंग करवा कर सिलेंडर निकाल लेते हैं और बाद में उसे ऊंचे दामों पर ब्लैक में बेच देते हैं। गली-मोहल्लों में सिलेंडर तय कीमत से काफी अधिक दाम पर बेचे जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।लोगों का कहना है कि रोजाना गैस की गाड़ी क्षेत्र में आती है, लेकिन इसके बावजूद सही तरीके से होम डिलीवरी नहीं की जाती। विरोध करने पर सिलेंडर देने में देरी की जाती है।शहरवासियों ने इस पूरे मामले में जिला प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। विधायक सही अन्य जनप्रतिनिधियों पर भी केवल बयानबाजी करने और जमीनी स्तर पर समस्या का समाधान न करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। मंगलवार को भी एजेंसी पर हंगामे की स्थिति रही। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि गैस एजेंसी की जांच कराई जाए, ब्लैक मार्केटिंग पर रोक लगाई जाए और होम डिलीवरी व्यवस्था को सही किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

**घर में गैस सिलेंडर....** पहुंची और सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। जिससे आग सारे घर में फैल गई और घर की दीवार चटक गई। इतना ही नहीं पड़ोस के घर की दीवारों को भी नुकसान पहुंच गया। इस बीच घर में आग की चपेट में आकर गृह स्वामी लोकेश कुमार सहित उसकी पत्नी गोमती देवी, पुत्र 10 वर्षीय नीरज व पड़ोसी महिला मीरा पत्नी हरस्वरूप गंभीर रूप से झुलस गये। सभी को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया। इसी दौरान मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस व दमकल कर्मी वहां आ पहुंचे और उन्होंने आग पर काबू पाया। चिकित्सकों ने बताया कि लोकेश लगभग 50 प्रतिशत व नीरज लगभग 90 प्रतिशत झुलस गये हैं। उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी रैफर कर दिया गया है। वहीं गोमती देवी व मीरा का प्राथमिक उपचार किया गया।

**सीएम ने सुनी...** पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, विनय रुहेला, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, प्रमोद मित्तल, भवानी भण्डारी, रंदीप पोखरिया, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, एएसपी उत्तम सिंह नेगी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, अधिशासी अभियंता लोनिवि एन के अग्रवाल सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ विकास कार्यों को गति देने और जनहित के मुद्दों पर संवेदनशील रहने को कहा।

**कालाबाजरी....**अपने एसी कमरों में बैठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि होम डिलीवरी व्यवस्था की कोई निगरानी नहीं हो रही है और उपभोक्ताओं को फर्जी डिलीवरी केस दिखाकर परेशान किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पूर्ति कार्यालय को भी सूचना दी गई। हंगामे की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। इसी बीच व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, हैप्पी रंधावा और गौरव गांधी भी समर्थन में उतर आए। विवाद उस समय और गहरा गया जब व्यापार मंडल संरक्षक नरेश ग्रोवर से होम डिलीवरी कर्मचारी द्वारा एक सिलेंडर के बदले 3500 रुपये मांगे जाने की बात सामने आई। इस खुलासे के बाद उपभोक्ताओं का आक्रोश चरम पर पहुंच गया और मौके पर भारी हंगामा शुरू हो गया। तत्काल होम डिलीवरी ठेकेदार को तलब किया गया। समाचार लिखे जाने तक उपभोक्ताओं और व्यापार मंडल का विरोध प्रदर्शन जारी था और पुलिस स्थिति को संभालने का प्रयास कर रही थी।

**हाइवे पर रेलिंग...**हादसा बीती रात ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के हरिलोक तिराहे के पास हुआ। शुभम कश्यप देर रात अपने घर मिस्सरपुर लौट रहा था, तभी अचानक एक कुत्ता हाईवे पार करने लगा। कुत्ते को बचाने के चक्कर में शुभम की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार बाइक सीधे हाईवे किनारे लगी लोहे की रेलिंग से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि शुभम रेलिंग से टकराकर बुरी तरह फंस गया और बाइक दूर जा गिरी। पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी घटना कैद हो गई, जिसमें साफ दिख रहा है कि कुत्ते को बचाने के फेर में बाइक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हुई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने लहूलुहान शुभम को सड़क किनारे लिटाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हायर सेंटर में इलाज के दौरान शुभम ने दम तोड़ दिया। जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। ज्वालापुर कोतवाली के एसएसआई खेमेंद्र गंगवार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतक के गांव और परिवार में मातम पसरा हुआ है।

**स्मैक के साथ...**एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया तथा बरामदगी में प्रयुक्त स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (नंबर यूके06 बीक्यू-1140) को भी कब्जे में ले लिया। सुनसान जंगल का रास्ता होने के कारण मौके पर कोई स्वतंत्र गवाह नहीं मिल सका, वहीं गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को देने और आगे की विधिक कार्रवाई के लिए पुलिस आरोपी को थाने ले आई है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ सख्त संदेश गया है।

# चारधाम यात्रा के लिए ग्रीन कार्ड प्रणाली का शुभारंभ

हरिद्वार। 19 अप्रैल से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा के लिए परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने ग्रीन कार्ड प्रणाली का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ग्रीन कार्ड से चारधाम यात्रा से गति मिलेगी। सरकार की ओर से उत्तराखंड सुरक्षित चारधाम यात्रा कराई जाएगी। सोमवार को चारधाम यात्रा के सफल और सुरक्षित संचालन के लिए परिवहन विभाग की ओर से व्यावसायिक यात्री वाहनों के लिए ग्रीन कार्ड प्रणाली का शुभारंभ एआरटीओ कार्यालय रोशनाबाद हरिद्वार में परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रीन कार्ड



प्रणाली से चारधाम यात्रा में शामिल व्यावसायिक वाहनों को तकनीकी रूप से फिट और सुरक्षित किया जाएगा। वाहन स्वामी परिवहन विभाग की अधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ग्रीन कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन कर निर्धारित शुल्क जमा कर सकते हैं। निकटतम परिवहन कार्यालय में वाहन का तकनीकी निरीक्षण करवाने के बाद ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा। वहीं, परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा की ओर से स्कूलों में बसों का किराया बढ़ने के सवाल पर कहा कि अब तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। परिवहन मंत्री ने कहा कि इस मुद्दे पर 31 मार्च को बैठक बुलाई गई है। बैठक में स्कूल बसों का किराया बढ़ाने के लिए अंतिम फैसला लिया जाएगा। लोगों की सुविधा और बस संचालन के आधार पर किराया निर्धारित किया जाएगा। अब लोगों की कल होने वाली बैठक पर निगहें लगी हुई हैं।

# फर्जी दस्तावेजों के साथ देहरादून में रह रही विदेशी महिलाएं अरेस्ट

देहरादून। फर्जी भारतीय दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से देहरादून में रहने वाली तीन विदेशी महिलाओं को पुलिस ने अरेस्ट किया है। बताया जा रहा है महिलाओं ने भारत में रह रहे अपने परिचितों के माध्यम से फर्जी भारतीय दस्तावेज तैयार किये थे।देहरादून पुलिस ने एलआईयू की संयुक्त टीम के साथ मिलकर फर्जी भारतीय दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से देहरादून में रह रही तीन विदेशी महिलाओं को अरेस्ट किया है। बताया जा रहा है एक महिला किर्गिस्तान और 2 महिलाएं उज्बेकिस्तान की थी ।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार की गई विदेशी महिलाओं में से एक पहले एक साल के वीजा पर भारत आई थी। वीजा की अवधि खत्म होने के बाद महिला अपने देश लौटने के बजाय, वह भारत में अवैध रूप से रह रही थी। इसके अलावा दो अन्य गिरफ्तार हुई विदेशी महिलाएं अवैध तरीके से नेपाल के रास्ते से भारत आई थी। पुलिस ने बताया तीनों महिलाओं ने भारत में रह रहे अपने परिचितों के माध्यम से फर्जी भारतीय दस्तावेज तैयार करवाए थे। गिरफ्तार विदेशी महिलाओं में से एक को पूर्व में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में रहने पर बिहार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद आरोपी महिला अपने देश न जाकर उत्तराखंड में अवैध रूप से रहने लगी थी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# काशीपुर से खटीमा तक धामी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब





## नौ विधानसभाओं में सीएम पुष्कर सिंह धामी का जोरदार अभिनंदन, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता ने लगाई अटूट विश्वास की मुहर

रुद्रपुर/खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के काशीपुर से खटीमा तक सड़क मार्ग से प्रथम दौरे ने पूरे क्षेत्र में उत्साह की लहर दौड़ा दी। सीएम धामी प्रदेश में मुख्य सेवक के रूप में चार साल का कार्यकाल पूर्ण कर नई मिशाल पेश कर चुके है। सोमवार को हुए इस रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री का विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अभूतपूर्व स्वागत किया गया। सड़कों पर उमड़े जनसैलाब और कार्यकर्ताओं के जोश ने यात्रा को ऐतिहासिक बना दिया।यात्रा की शुरुआत काशीपुर से हुई, जहां आईजीएल फैक्ट्री और चौती चौराहे पर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद बाजपुर विधानसभा क्षेत्र में दोराहा और केलाखेड़ा सहित कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने फूल–मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया।गदरपुर में बाईपास और दिनेशपुर मोड़ पर भारी भीड़ ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया, वहीं रुद्रपुर के त्रिशूल चौक पर भी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। किच्छा विधानसभा क्षेत्र में लालपुर, किच्छा बाइपास और विवेक दीप सिंह के कार्यालय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां जेसीबी के माध्यम से फूलों की वर्षा कर स्वागत को और भव्य बनाया गया।आगे सितारगंज विधानसभा क्षेत्र में झंडा चौक और नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र में नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए। यात्रा का समापन खटीमा में हुआ, जहां मुख्य चौराहे पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।पूरे मार्ग में युवाओं, माताओं–बहनों और बुजुर्गों की भारी भागीदारी देखने को मिली। लोग घंटों पहले से सड़कों के किनारे खड़े होकर अपने लोकप्रिय नेता की एक झलक पाने का इंतजार करते रहे। जगह–जगह पुष्पवर्षा, ढोल–नगाड़ों और नारों के बीच माहौल उत्सव में बदल गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेशवासियों का यह अपार स्नेह और विश्वास उन्हें विकास और जनसेवा के लिए नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समग्र और संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इस भव्य स्वागत से स्पष्ट है कि प्रदेश की जनता सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ मजबूती से खड़ी है और विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभा रही है।



## खटीमा–नानकमत्ता में 'धुरंधर धामी' के नारों के बीच स्वागत

खटीमा/नानकमत्ता। जिला भ्रमण के दौरान पुष्कर सिंह धामी का खटीमा और नानकमत्ता में अभूतपूर्व स्वागत किया गया। 'धुरंधर धामी' पोस्टरों और नारों के बीच कार्यकर्ताओं ने अपने नेता के प्रति उत्साह प्रदर्शित किया। सोमवार रात खटीमा पहुंचने पर मुख्यमंत्री का फूल–मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होंने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए कालापुल स्थित अपने आवास के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, जिला उपाध्यक्ष अमित पांडेय, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, नंदन खड़ायत, भुवन जोशी और किशोर जोशी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पहले नानकमत्ता में मुख्य चौराहे पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह डुन्ना और पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रीपाल राणा, सुरेश जोशी, इंद्रपाल सिंह मान और ओम नारायण राणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गदरपुर में सीएम धामी को कार्यकर्ताओं ने लड्डुओं से तोला

गदरपुर। जनपद उधम सिंह नगर के गदरपुर में उस समय उत्सव जैसा माहौल बन गया, जब पुष्कर सिंह धामी का काफिला काशीपुर से खटीमा जाते हुए गदरपुर पहुंचा। बाईपास मार्ग स्थित अभिनंदन किया। इस दौरान सीएम धामी को लड्डुओं से तोला गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व गुंजन सुखीजा ने किया। जैसे ही मुख्यमंत्री का काफिला मौके पर पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने "धाकड़ सुखीजा द्वारा मुख्यमंत्री को पीतल की गदा भेंट की गई, जिसे शक्ति और सम्मान का प्रतीक माना गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है और गदरपुर सहित जनहितकारी नीतियों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर क्षेत्र के विकास को और गति देंगे।इस दौरान कार्यक्रम में काबल सिंह विर्क, सुरेश खुराना, मुनि भुसरी, अशोक हुड़िया, कुमार, राहुल भाटिया, प्रधान बृजेश, लवकुश शर्मा,जोगिंदर सिंह, अजय राजपूत, संजय चौधरी, रिजवान, राजू कंबोज,सुधेश डंग,प्रवीण कुमार,जसवीर सिंह,बीडीसी बलवीर सिंह,रवि





बलरामनगर मोड़ पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा उनका भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने ढोल–नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और पुष्प वर्षा के साथ मुख्यमंत्री का जोरदार धामी" के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण उस समय रहा जब मुख्यमंत्री को लड्डुओं से तौला गया। इस अनोखे सम्मान ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और कार्यकर्ताओं का उत्साह दोगुना कर दिया। साथ ही गुंजन कहा कि प्रदेश के विकास में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार उत्तराखंड को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री पूरे क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर ने इस स्वागत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता में मुख्यमंत्री के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला, जो सरकार की संजीव अनेजा, ज्योति अरोड़ा, पूनम ग्रोवर, ममता कश्यप, परमजीत सिंह पम्मा, कपिल गंडा, सुरेश कंबोज, राजीव पापनेजा, अरविंद पाल, कुणाल रस्तोगी, सागर गंडा, निर्मल नारंग, डॉ. सोनू विश्वास, सचिन गुप्ता, अश्विनी सैनी,पवन राजपूत,मंगत सिंह,उदित वर्मा,गुरविंदर सिंह गोपी,पूर्व सैनिक संगठन से रमेश कन्याल,कुलवीर सिंह,हिम्मत कोरंगा हरलोग सिंह नामधारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# रूद्रपुर में भव्य स्वागत के साथ महापौर ने धामी को भेंट की गदा

रूद्रपुर। सरकार के चार वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण करने के पश्चात प्रथम बार जनपद आगमन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व स्वागत किया। काशीपुर से खटीमा की ओर प्रस्थान के दौरान जैसे ही मुख्यमंत्री का काफिला स्थानीय त्रिशूल चौक पर पहुंचा, पूरा क्षेत्र आतिशबाजी की गूंज और पुष्प वर्षा से सराबोर हो उठा। गाजे–बाजों के साथ उमड़े जनसैलाब और कार्यकर्ताओं के भारी उत्साह ने स्वागत समारोह को एक विशाल रैली का स्वरूप प्रदान कर दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सीएम धामी को गगनभेदी नारों के बीच पुष्पमालाओं से लाद दिया। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं का तांता लगा हुआ था। जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा और क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत की व्यापक तैयारियां की थीं। जैसे ही मुख्यमंत्री का वाहन चौक




पर रुका, भाजपा जिंदाबाद और धाकड़ धामी जिंदाबाद धुरंधर धामी जिंदाबाद के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस दौरान महापौर विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री को गदा भेंटकर सम्मानित किया। सिख समाज ने मुख्यमंत्री को तलवार भेंट की। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल, ब्राह्मण समाज, नील कंठ धाम समिति सहित कई संगठनों ने भी सीएम धामी का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के जोश को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी का आभार व्यक्त किया और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों हेतु हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि चुनाव की निकटता के साथ कार्यकर्ताओं का यह बढ़ता उत्साह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि प्रदेश में एक बार फिर भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता और कार्यकर्ताओं की सक्रियता से विपक्षी खेमे में बेचैनी व्याप्त है, जिसके चलते वे अनर्गल और भ्रामक प्रचार का सहारा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाएं और पूरी शक्ति के साथ चुनावी मैदान में डट जाएं।इससे पूर्व सभा को महापौर विकास शर्मा ने संबोधित करतें हुए धामी सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। साथ ही नगर निगम की उपलब्धियों ओर भावी योजनाओं को भी साझा किया। सभा को विधायक शिव अरोड़ा, वेद ठुकराल, सुरेश कोली सहित कई वक्ताओंने संबोधित किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा सहित प्रीत ग्रोवर,वेद ठुकराल, राकेश सिंह, धीरेन्द्र मिश्रा, सुनील ठुकराल, कस्तूरी लाल तागरा, गुरमीत सिंह, पीयूष सिंह, मधु राय,मधु राय, हिमांशु शुक्ला, सुरेश कोली, राजेश जग्गा, पवन राणा, मोहन तिवारी और राजेश कामरा आशीष यादव आकाश यादव संदीप वाल्मीकि छात्र संघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट धर्मेंद्र सैनी, शालू पाल, ममता त्रिपाठी, रेनू यादव, धर्म सिंह कोली, राजू कोली , सुशील चौहान आदि जैसे प्रमुख नेताओं के साथ भारी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।